- **सशस्त्र सेना झंडा दिवस कल मनाया जाएगा–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक दान देने की अपील की।**
- **भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है।**
- **जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मे ई–पत्रिका की शुरूआत की गई है।**
- **शिक्षा निदेशालय के विज्ञान संभाग की ओर से आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार चौबीस के तहत ज्ञानोदय का शुभारंभ किया गया।**
- **नेहरू युवा केन्द्र की ओर से युवा उत्सव दो हजार चौबीस का आयोजन किया गया।**

<><><><><><><><>

सशस्त्र सेना झंडा दिवस कल मनाया जाएगा। ये दिन उन शहीदों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी। द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी ने द्वीपवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक दान देकर हमारे वीर जांबाज़ों और उनके परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाने की अपील की है। इस दिवस के सिलसिले में राज्य सैनिक बोर्ड श्री विजयपुरम की ओर से स्टीकर और सांकेतिक झंडों का वितरण किया जाएगा और इसके बदले स्वैच्छिक रूप से दिए गए धनराशि को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में जमा किया जाएगा, ताकि हमारे वीर सपूतों और उनके परिजनों को जरूरत के समय आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। राज्य सैनिक बोर्ड ने लोगों से उदारता पूर्वक दान देने का अनुरोध किया है। लोग बोर्ड के सचिव के नाम चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से दान दे सकते है।

<><><><><><><><>

भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के योगदान को दर्शाने के लिए पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज भुवनेश्वर में श्री आम्बेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस सिलसिले में आज बोधिसत्वा अम्बेडकर सांस्कृतिक संगठन ने गोलघर स्थित परिसर में भारत रत्न डॉ. बी आर अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण काय के उप मुख्य अभियंता डी सत्यमूर्ति ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कल श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रोबा–3 उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी सी 59 प्रक्षेपण यान का सफल प्रक्षेपण किया। इसरों के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि उपग्रह को सफलता पूर्वक निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया। प्रक्षेपण के बाद इसरो ने कहा कि पीएसएलवी–सी59 ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए उड़ान भरी है। प्रोबा–3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत दो उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। यह सफल प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक कदम है, जिसे न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। पीएसएलवी सी–59 उड़ान भरने के अट्ठारह मिनट बाद अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गया है और उसने पांच सौ पैंतालीस किलोग्राम वजन के दो उपग्रहों को पृथ्वी से छः सौ किलोमीटर ऊपर पर सफलतापूर्वक स्थापित किया। ये दोनों उपग्रह सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

<><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मे ई–पत्रिका की शुरूआत की गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने बताया कि पत्रिका के माध्यम से सभी संकायों के बच्चे लाभ उठा सकते हैं। डॉ. शर्मा से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे से प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान संभाग की ओर से आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार चौबीस के तहत ज्ञानोदय का शुभारंभ किया गया। गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण ने किया। इस अवसर पर आयुक्त व सचिव ए एस पी एस रविप्रकाश, शिक्षा सचिव स्मिता आर, शिक्षा निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल, प्रभारी ज्ञान शील दुबे और शिक्षा उप–निदेशक राम प्रवेश भी उपस्थित थे। प्रदर्शनी में सभी नौ शैक्षिक अंचल के एक सौ सात नमूनों को प्रदर्शित किया गया, जो जिज्ञासा को बढ़ावा देते हुए विविधताओं की अभिव्यक्ति करता है। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नमूनों की

सराहना की। इस अवसर पर श्री विजयपुरम इसरो के वैज्ञानिक और अभियंता देबास पाइक ने इसरो सेटेलाईट और चंद्रयान के लांच पर प्रस्तुति भी दी।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी दो हजार तेईस से इन दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने संभावित नकदी की कमी को दूर करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात में पचास आधार अंकों की कटौती कर इसे चार प्रतिशत कर दिया है। इससे एक लाख सोलह हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक बढती महंगाई को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष पच्चीस के लिए अपने मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को संशोधित कर चार दशमलव आठ प्रतिशत कर दिया है। यह पिछले अनुमान से दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है।

<><><><><><><>

नेहरू युवा केन्द्र की ओर से युवा उत्सव दो हजार चौबीस के तहत आज टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए राष्ट्र की प्रगति के लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए एन वाई के, के उप–निदेशक तथा श्री विजयपुरम के अतिरिक्त प्रभारी सुख रंजन बिश्वास ने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कल बीसवां वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्या संगीता चांद मुख्य अतिथि थी। उन्होंने झंडा फहराकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। समापन समारोह में डायसिस के रेवरेंट फादर अलबिनुस बारला मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को खेल को टीम भावना और कड़ी मेहनत से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। सीनियर स्तर में लड़कों की श्रेणी में एम कृतिक संतोष और लड़कियों की श्रेणी में विनीता लकड़ा ने व्यक्तिगत खिताब जीते, जबकि आयुष बिलुंग और सेरापल्ली कव्या ने जूनियर श्रेणी में खिताब जीते।

<><><><><><><>